पंजाब केसरी 19/02/2025




कार्यशाला में पहुंची शिक्षिका शालिनी को बुके भेंट करते स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। (देवदत्त)

# 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अम्बाला, 18 फरवरी (बलराम): प्रबंधन विभाग और सस्टेनेबल डवैल्पमैंट गोल क्लब द्वारा री-इमेजिन री-साइकिल रिवाइव-कचरे से अद्भुत सृजन विषय पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पिडिलाइट इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला के पहले दिन फैविक्रिल एक्सपर्ट शिक्षिका शालिनी ने विद्यार्थियों को मोल्ड इट और कार्डबोर्ड की मदद से डोनट फोटोफ्रेम बनाना सिखाया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कचरे से उपयोगी और रचनात्मक उत्पाद बनाना, समस्या-समाधान कौशल को विकसित करना, पर्यावरणीय जागरुकता बढ़ाना और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और सम्पूर्ण विभाग को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। इस आयोजन में 40 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।